an>

Title: Need to release funds for proposed Kendriya Vidyalaya in Kaushambi, Uttar Pradesh.

श्री विनोद कुमार सोनकर (कौशाम्बी) : अध्यक्ष जी, आपने मुझे शुन्यकाल में बोलने का मौका दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदया, मैं कौशाम्बी लोक सभा क्षेत्र से चुनकर आया हूं। यह जिला 4 अप्रैल, 1997 को बना था और इसके सारे शिक्षण संस्थान इलाहाबाद में चले गए हैं। यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है, शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है और भारत सरकार की एचआरडी मिनिस्ट्री द्वारा वहां केन्द्रीय विद्यालय खोलने का प्रस्ताव पारित है। उस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा केन्द्रीय विद्यालय के लिए ग्राम बुढ़नपुर में एक जमीन उपलब्ध करवा दी गयी है। भारत सरकार की टीम वहां सर्वे भी कर चुकी है, लेकिन धन उपलब्ध न होने के कारण वह विद्यालय शुरू नहीं हो पा रहा है। माननीय एचआरडी मिनिस्टर यहां बैठी हैं, मैं आपके माध्यम से उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि जब तक वहां नया भवन नहीं बन जाता है, जिला प्रशासन एक पुरानी जगह उपलब्ध करवा रहा है, उसमें तत्काल इस सत्र से ही केन्द्रीय विद्यालय शुरू करने की कृपा करें, क्योंकि यह क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है, वहां शिक्षा का नितांत अभाव है।

माननीय अध्यक्ष : श्री केशव प्रसाद मौर्य और श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री विनोद कुमार सोनकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।